कूपनदुनिया ने व्यवसाय के नये पहलू पर ध्यान दिया; कैशबैक में कदम रखा

अब ग्राहक 'खरीदारी के साथ कमाई' भी कर सकते हैं

मुंबई, 28 अप्रैल, 2016: खरीदारी को एक लाभदायक अनुभव बनाने के प्रयास में, भारत के #1 कूपनिंग ठिकाना, कूपनदुनिया ने आज ''कैशबैक'' को शुरू किये जाने की घोषणा की। वेबसाइट एवं ऐप पर वर्तमान में सूचीबद्ध सौदे एवं छूटों के अलावा कैशबैक दिया जायेगा। कूपनदुनिया के उपयोगकर्ता अपने पसंदीदा ऑनलाइन स्टोर्स पर खरीदारी करते हुए 'कैशबैक' के रूप में वास्तव में नकद पैसा हासिल कर सकेंगे।

इसके आगे, कूपनदुनिया की ब्रांड पहचान पूरी तरह से बदल गई है, और इसने एक नया लोगो शुरू किया है, जो सांकेतिक रूप से 'बड़ी बचत' को दर्शाता है। सार्वभौमिक रूप से, गुल्लक को बचत के एक रूपक के तौर पर जाना जाता है, और कैशबैक भी इसी तरह से काम करता है – अपने कैशबैक से होने वाली आय को संचित करने से आपको एक बड़ी धनराशि की बचत करने में मदद मिल सकेगी – इसलिए, कूपनदुनिया के नये लोगो के डिजाइन को हाथी की आकृति में एक विशेषीकृत गुल्लक के रूप में बनाया गया है, जोकि कूपनदुनिया द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली 'बड़ी बचत एवं कमाई' का संकेत देता है।

ऑनलाइन स्टोर द्वारा प्रदान किये जाने वाले किसी भी अन्य सौदे या छूट के अलावा, अतिरिक्त रूप से कैशबैक प्रदान किया जाता है। ऑनलाइन खरीदार के लिए, कूपनदुनिया पर अपनी खरीदारी शुरू करने से बेहतर कोई भी विकल्प नहीं है।
अपने नये अवतार में, कंपनी कूपनदुनिया पर अपना खरीदारी सफर शुरू करने के बाद हर वर्ष उपयोगकर्ताओं को हजारों रुपये कमाने में मदद करेगी।

अतिरिक्त रूप से, कंपनी ने गूगल क्रोम के लिए 'कूपनदुनिया ब्राउजर एक्सटेंशन' भी लॉन्च किया, जिससे उपयोगकर्ता तुरंत कैशबैक, कूपन, डील्स एवं मूल्य तुलना को एक्सेस कर सकते हैं।

इस प्रगति के बारे में, **कूपनदुनिया के संस्थापक एवं सीईओ, समीर परवानी** ने कहा, *''हमेशा से हमारा लक्ष्य ऐसा प्री–शॉपिंग ठिकाना बनना है, जहां कोई भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने से पहले उपभोक्ता विजिट कर सकें। कैशबैक को शामिल किये जाने से कूपनदुनिया अपने उस लक्ष्य के एक कदम और करीब आ गया है। हमें उम्मीद है कि हमारी नई पेशकश हमारे ग्राहकों को एक ऐसा मंच प्रदान करेगा*

जिसकी मदद से वे अधिक स्मार्ट तरीके से खरीदारी का निर्णय कर सकेंगे और बचत कर सकेंगे या पूरा कमीशन अर्जित कर सकेंगे।''

इस नयी कारोबारी रणनीति के साथ, कूपनदुनिया को अपने उपभोक्ता आधार एवं बिक्री में भारी वृद्धि की उम्मीद है। वर्तमान में, कूपनदुनिया 1,000 करोड़ रु. के सकल मर्चेंडाइज मूल्य (जीएमवी) को सुसाध्य बनाता है और यह इसे आगामी वर्ष में 4,000 करोड़ रु. तक पहुंचने की उम्मीद रखता है। साथ ही, वर्तमान में कंपनी के ऐप को 2.5 मिलियन बार डाउनलोड किया जा चुका है, जिसे यह तीन गुना बढ़ाकर 7.5मिलियन डाउनलोड तक पहुंचाने की इच्छा रखती है।

समीर परवानी ने बताया, ''अधिक आकर्षक, अत्याधुनिक विजुअल डिजाइन एवं नये दृष्टिकोण के साथ, हमारी योजना ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव कायम करना एवं उनकी निष्ठा हासिल करना है।''

कूपनदुनिया के विषय में

कूपनदुनिया मीडिया प्राइवेट लिमिटेड भारत की सबसे लोकप्रिय कूपन वेबसाइट है। वर्ष 2010 में समीर परवानी द्वारा स्थापित, इस कंपनी का मुख्यालय मुंबई में है और इसका तकनीकी कार्यालय बेंगलुरू में है। कूपनदुनिया छूट, कूपन एवं ऑफर्स के लिए भारत का सबसे बड़ा ठिकाना बन चुका है और इसमें भारत के शीर्ष ऑनलाइन मर्चेंट्स जैसे–फ्लिपकार्ट, अमेज़न, ईबे, जबोंग, मेकमायट्रिप, पेटीएम, बुकमायशो आदि द्वारा नियमित रूप से अपडेट किये जाने वाले कूपन शामिल हैं। कूपनदुनिया अपनी बिक्री बढ़ाने के इच्छुक सौदागरों और अच्छे सौदे पाने के इच्छुक खरीदारों को आपस में जोड़कर लोगों को उनकी खरीदारी पर पैसा बचाने में मदद करता है। कूपनदुनिया पर एक महीने में लगभग 10 मिलियन लोग विजिट करते हैं, 2000 से अधिक ऑनलाइन ब्रांड्स के कूपन साझा करते हैं और इसके ईमेल सब्सक्राइबर्स की संख्या 7.5 मिलियन से अधिक है तथा इसके ऐप को 2 मिलियन से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है।

वेबसाइट: www.coupondunia.in

ऐप को डाउनलोड करें:

गुगल प्ले: https://play.google.com/store/apps/details?hl=en&id=in.coupondunia.androidapp

ऐप स्टोर: https://itunes.apple.com/in/app/coupondunia-online-restaurant/id919399248

मीडिया से जुड़े प्रश्नों के लिए, संपर्क करें:

तनिषा गुप्ता – मो.: 9619384344, ईमेल: tanisha.gupta@coupondunia.in